यूटीयू में फेस्टिवल कौथिग-2024 का शुभारम्भ आज

अमर हिन्दुस्तान

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यूटीयू का तीन दिवसीय द्वितीय एन अल ऐथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल-2024 का आगाज आज मंगलवार से विश्वविद्यालय के खेल परिसर में होगा। विश्वविद्यालय के इस तीन दिवसीय एनुअल ऐथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल कौथिग-2024 में परिसर एवं सम्बद्ध संस्थानों में अध्ययरनत छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न खेल

◆ टैक्नो – कल्चरल फेस्टिवल कौथिग में विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताऐं होंगे आयोजित

प्रतियोगिताओं यथा- 4 गुण 200 मीटर रिले रेस, लॉग जम्प, हाइ जम्प, गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो, ट्रैनीकल क्विज, हैकाथॉन, इनोवेशन प्रोजेक्ट, तथा द्वितीय सत्रों में सांस्कृतिक संध्या जिसमें विभिन्न भाषाओं, लोक कला प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।